(क) क्या बिहार में दरभंगा जिला में बहेरा और बहेरी के बीच टेलीफोन लाईन बिछाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां तो इस लाईन को कब तक बिछाए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है, और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा।

पश्चिमी क्षेत्र में उपग्रह केन्द्र

7030. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:**
श्री अनन्तराव देवशंकर दवे:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिमी क्षेत्र में राज्य-वार कितने भू-उपग्रह केन्द्र हैं;

(ख) क्या इस क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क मांग के अनुरूप है और संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): पश्चिमी क्षेत्र में राज्यवार उपग्रह भू-केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है:

महाराष्ट्र	1
गोवा	शून्य
गुजरात	2
मध्य प्रदेश	शून्य

(ख) जी, हां। इस क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क सामान्य मांग को पूरा करने में समर्थ है और संतोषजनक रूप से कार्य कर रहा है।

(ग) उपर्युक्त (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

दूरसंचार विभाग द्वारा अनुकम्पा के आधार पर रोजगार

7031. **श्री आस मोहम्मद:**
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सिविल न्यायाधीश, बस्ती ने संचार मंत्रालय के अधीन टेलीफोन विभाग और अन्य विभागों को उन लोगों को अनुकम्पा के आधार पर रोजगार देने का निर्देश दिया है जिसकी माता अथवा पिता की मृत्यु सेवा के दौरान हो गई हो;

(ख) यदि हां, तो उपर्युक्त निर्णय को ध्यान में रखते हुए कितने मामले निपटाए गए हैं;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) ये मामले कब तक निपटाए जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी हां। सिविल जज, बस्ती ने दूरसंचार विभाग को अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति करने संबंधी एक मामले पर विचार करने हेतु निदेश दिए हैं।

(ख) उपर्युक्त मामला नियुक्ति हेतु उचित पाया गया और उसके आदेश जारी कर दिए गये थे।

(ग) लागू नहीं होता।

(घ) लागू नहीं होता।

दूरसंचार क्षेत्र में निवेश

7032. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दूरसंचार क्षेत्र में निवेश की जाने वाली राशि का स्कीम-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वे सरकारी क्षेत्र, गैर-सरकारी क्षेत्र और विदेशी स्रोत कौन-कौन से हैं जहां से यह धनराशि जुटाई जाएगी;

(ग) इस विभाग के कौन-कौन से विभिन्न क्षेत्रों में यह पूंजी निवेश किया जाएगा; और

(घ) इक्विटी और ऋण के रूप में विदेशी स्रोतों से प्राप्त किए जाने वाले कुल धन का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) दूरसंचार विभाग की आठवीं पंच वर्षीय योजना के अनुमोदित वास्तविक लक्ष्यों के लिए अपेक्षित निवेश रू० 40555 करोड़ रुपये हैं। दूरसंचार क्षेत्र की सेवा शाखा में निवेश के स्कीमवार ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:-

दूरसंचार	करोड़ रुपये
(i) स्थानीय टेलीफोन प्रणाली	23530
(ii) लंबी दूरी स्विचन	1080
(iii) ग्रामीण टेलीफोन सहित लंबी दूरी पारेषण	12550
(iv) इनसेट और इन्टेलसेट	400
(v) तार, टैलेक्स और गैर-वॉयस सेवाएं	1095
(vi) अन्य, भूमि और भवन (स्टाफ क्वार्टर तथा प्रशासनिक कार्यालय)	1000
(vii) आनुषंगिक सेवाएं	900
	40555